Title: Regarding cancellation of allotment of land to Anjuman Committee in village Palara, district of Ajmer, Rajasthan.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : सभापति महोदय, अजमेर जिला राजस्थान में संवेदनशील जिलों में से एक हैं। परन्तु जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं, राजस्थान की वर्तमान सरकार अल्पसंख्यकों को तुटिकरण के नाम पर तथा साम्प्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने हेतु सब प्रकार के नियमों को ताक पर रखकर दिल्ली-मुम्बई राट्रीय राजमार्ग नं. 8 पर अजमेर बाईपास पर ग्राम पालरा सहसील व जिला अजमेर कुल रकबा 14 बीघा एक बिरवा भूमि अजमेर के खादिमों की संस्था अंजूमन कमेटी को मदरसा बनाने के नाम पर आबंठित कर दी है। जिसके कारण आसापास के रहने वाले हजारों ग्रामीणों में घोर असंतोा व्याप्त है तता पिछले लगभग 2 माह से वे आन्दोलनरत हैं।

खादिमों की इस संस्था के साये में अनेक कुख्यात अपराधी तत्वों को संरक्षण मिलता रहा है। पिछले दिनों दिल्ली में धौला कुआं के अन्दर बुरका पहने एक अपराधी दस साल बाद पकड़ा गया है। जिसने 1993 में अजमेर के अन्दर अश्लील छित्र छाया काण्ड के नाम पर हिन्दुस्तान को बदनाम कर दिया। इस संस्था ने बहन-बेटियों की इज्जत लूटी थी। इसके बाद सूरत में 23 करोड़ रुपए की स्मैक स्मगलिंग करते हुए पकड़ी गई। वे खादिम अन्जूमन के मैम्बर हैं और आईएसआई की गतिविधियों को पनपाने और बंगलादेशियों को संग लेने वाली है। उस अन्जूमन संस्था को मदरसे के लिए 14 बीघा एक बिरवा जमीन दे दी गई है, जिसके कारण गांव के लोगों में असंतोा व्याप्त है। मेरी आपसे प्रार्थना है कि भारत सरकार इस मामले में हस्तक्षेप करे और साम्प्रदायिक सद्भावना हेतु राजस्थान सरकार को निर्देशित करे कि भूमि आवंटन रद्द किया जाए।

14.00 hrs.